महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो.ऑ. – जवासिया, उज्जैन – 456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of Education, Govt. of India)
Ved Vidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasia, Ujjain – 456006 (M.P.)

प.सं.17-1/2024(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/1763 दिनांक : 23.07.2025

## कार्यालय आदेश

**विषय : वेदपाठशालाओं / इकाइयों में आधुनिक विषय अध्यापन की व्यवस्था एवं नियमित निरीक्षण के सम्बन्ध में ।**

प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं / इकाइयों में अध्ययनरत छात्रों का वार्षिक परीक्षाओं में वेद के साथ-साथ अन्य सहयोगी आधुनिक विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन अत्यन्त आवश्यक है ।

छात्रों को आधुनिक विषयों के अध्यापन की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित के उद्देश्य से प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित वेदपाठशालाओं में कार्यरत आधुनिक विषय वेदाध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से प्रतिष्ठान परिसर, उज्जैन में आयोजित किया जा रहा है । प्रशिक्षण उपरांत आधुनिक विषय अध्यापकों को उनकी पाठशाला के आस-पास संचालित 8 से 10 गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों के छात्रों को आधुनिक विषय का अध्यापन / प्रशिक्षण कराने का दायित्व सौंपा गया है ।

राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन में कार्यरत आधुनिक विषय अध्यापकों को अन्य वेदपाठशालाओं के आधुनिक विषय अध्यापकों को सौंपे गए अध्यापन दायित्व का नियमित रूप से निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया है ।

एक बार पुन: वेदपाठशालाओं में सेवारत आधुनिक विषय अध्यापकों को निर्देशित किया जाता है, कि वे अपनी वेदपाठशाला तथा उन्हें दी गई अन्य गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों के छात्रों को अपने संबंधित आधुनिक विषय के पाठ्यक्रम का पूर्ण अध्यापन / प्रशिक्षण करना सुनिश्चित करें । वेदपाठशाला तथा अन्य इकाइयों के छात्रों का वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्पूर्ण दायित्व आधुनिक विषय अध्यापक का है । वार्षिक परीक्षाओं में छात्रों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट होना आवश्यक है ।

राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन के आधुनिक विषय अध्यापकों को निर्देशित किया जाता है, कि वे अन्य वेदपाठशालाओं में सेवारत आधुनिक विषय अध्यापकों से निरन्तर संपर्क में रहते हुए अध्यापकों द्वारा वेदपाठशाला तथा अन्य गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों के छात्रों को कराए जा रहे अध्यापन का साप्ताहिक रूप से औचक निरीक्षण करें तथा प्रत्येक 15 दिवसों में निरीक्षण प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरित को प्रस्तुत करें ।

23/7/2025

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं में सेवारत आधुनिक विषय अध्यापकों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशित ।

(2) राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन के आधुनिक विषय अध्यापकों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।

(3) कार्यालय आदेश पत्रावली ।

Tele : 0734-2502266, 2502254, 2502255 Fax : 0734-2502266
E-mail :msrvvpujn@gmail.com Website : msrvvp.ac.in